दृष्टि The Vision

# करेंट अफेयर्स टुडे

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

## परीक्षण पुस्तिका
## सामान्य अध्ययन
## (मार्च मैगज़ीन जाँच परीक्षा)
## दिनांक- 11.03.2018

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा हो तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिये।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिये।**
3. इस पंक्ति के साथ में दिये गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिये केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिये गए निर्देश देख लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिये कुछ पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिये दंड:**
    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिये गए गलत उत्तरों के लिये दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिये चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए एक गलत उत्तर के लिये प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, चाहे दिये गए उत्तरों में से एक उत्तर सही हो, उस प्रश्न के लिये उपर्युक्तानुसार ही दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिये **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

1. वर्ल्ड इकॉनमिक आउटलुक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?
   (a) विश्व बैंक (World Bank)
   (b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
   (c) विश्व आर्थिक मंच (WEF)
   (d) इनमें से कोई नहीं।

2. साइट्स (CITES), जिसे वाशिंगटन कन्वेंशन भी कहा जाता है, के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इसका उद्देश्य वन्यजीवों के अवैध व्यापार को रोकना है।
   2. इसका प्रशासन यूनेप (UNEP) द्वारा देखा जाता है।
   3. साइट्स का मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में स्थित है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ये निवेश दीर्घकालिक स्वभाव के होते हैं।
   2. इनके साथ पूंजी पलायन का भय होता है।
   3. इसमें निवेशित पूंजी के प्रयोग पर निवेशक का नियंत्रण नहीं रहता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

4. 'सक्षम' एक प्रमुख वार्षिक गतिविधि है। इसका संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
   (a) ईंधन संरक्षण से
   (b) दिव्यांगों को सशक्त बनाने से
   (c) महिलाओं के सशक्तीकरण से
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

5. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. यह अधिनियम जंगली जानवरों, पक्षियों और पौधों को संरक्षण प्रदान करता है।
   2. जम्मू-कश्मीर, जिसका अपना ही वन्यजीव कानून है, को छोड़कर यह पूरे भारत में लागू है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

6. बजट 2018-19 में एक नई पहल 'ऑपरेशन ग्रीन' की घोषणा की गई है। यह पहल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) वनों के संरक्षण से
   (b) किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने से
   (c) औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने से
   (d) इनमें से कोई नहीं।

7. विश्व आर्थिक मंच (WEF) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इसके माध्यम से विश्व के समक्ष मौजूद महत्त्वपूर्ण आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों पर परिचर्चा का आयोजन किया जाता है।
   2. 1971 में स्थापित इस गैर-लाभकारी संगठन का मुख्यालय जिनेवा में है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रीय मेडिकल कमीशन बिल की विशेषताएँ हैं?
   1. इस बिल के पास होने के तीन वर्षों के भीतर राज्य सरकारों को राज्य स्तर पर राज्य मेडिकल काउंसिलों का गठन करना होगा।
   2. 25 सदस्यीय इस काउंसिल में सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 4 वर्षों का होगा।
   3. स्वास्थ्य सेवा से संबंधित मानव संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत का आकलन करना।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

9. विदेशी संस्थागत निवेश (FII) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह निवेश बाहरी कंपनी या संस्था द्वारा शेयर, बॉण्ड आदि के क्रय के माध्यम से किया जाता है।
   2. अंतर्राष्ट्रीय संस्थागत निवेशकों को वित्तीय बाज़ार में भाग लेने के लिये SEBI द्वारा पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
Copyright – Drishti The Vision Foundation

10. 'ज़ोजिला टनल' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    1. इस परियोजना का मुख्य उद्‌देश्य जम्मू तथा कश्मीर में सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण लेह क्षेत्र को वर्ष भर संपर्क प्रदान करना है।
    2. यह जम्मू-कश्मीर में आर्थिक रूप से पिछड़े ज़िलों के विकास का भी एक माध्यम होगा।

    कूट:
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

11. हाल ही में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) को 14वें वित्त आयोग की अवधि तक जारी रखने की मंज़ूरी दे दी गई है। इस योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
    1. यह 1993-94 में प्रारंभ एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है।
    2. यह संसद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में भौतिक और संस्थागत बुनियादी ढाँचे को सुधारने के लिये सक्षम बनाती है।

    कूट:
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

12. जर्मन खसरा रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक संक्रामक रोग है जो रुबेला वायरस के कारण फैलता है।
    2. यह संक्रमण गर्भवती महिलाओं में भ्रूण की मृत्यु का कारण भी बन सकता है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

13. पुलिकट झील के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
    (a) यह भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।
    (b) इसकी अवस्थिति भारत के मालाबार तट पर है।
    (c) इस झील के पश्चिमी तट पर नौपरिवहन योग्य बकिंघम नहर स्थित है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

14. विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी समावेशी विकास सूचकांक में प्रगति का आकलन निम्नलिखित में से किन स्तंभों के आधार पर किया गया है?
    1. वृद्धि एवं विकास
    2. समावेशन
    3. अंतर पीढ़ी इक्विटी

    कूट:
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
    (a) आर्थिक दृष्टिकोण से आसियान भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।
    (b) आर्थिक दृष्टिकोण से भारत आसियान का सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार देश है।
    (c) वर्ष 2019 को आसियान देशों और भारत में जैविक वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

16. 'विश्व पर्यटन एवं संस्कृति सम्मेलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. हाल ही में इसका आयोजन ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ।
    2. इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन एवं यूनेस्को द्वारा किया गया।
    3. इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'सतत् विकास को बढ़ावा देना' था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. डीएनए वायरस के संक्रमण से चिकन पॉक्स होता है।
    2. रिट्रो वायरस के संक्रमण से एचआईवी एड्स व इबोला जैसे रोग होते हैं।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

18. भारत पर्व कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना है।
    2. भारत पर्व कार्यक्रम के लिये पर्यटन मंत्रालय ने एक नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य किया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2


Copyright – Drishti The Vision Foundation

19. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) पादप कोशिका (Plant Cell) में ऊर्जा का संग्रह स्टार्च के रूप में होता है।
   (b) जंतु कोशिका (Animal Cell) में कोशिका भित्ति (Cell Wall) की उपस्थिति पाई जाती है।
   (c) राइबोसोम प्रोटीन के संश्लेषण में सहायक होते हैं।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

20. 'रायसीना डायलॉग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किया जाता है।
   2. इस वर्ष इस सम्मेलन की थीम 'संक्रमण दौर की चुनौतियाँ: नए विचारों, नए संस्थानों के बीच सहयोग' रखी गई थी।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

21. 'ग्लोबल इकॉनमिक प्रॉस्पेक्ट रिपोर्ट-2018' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विश्व बैंक द्वारा जारी की गई है।
   2. इसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 2018 में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।
   3. रिपोर्ट में भारत के जनांकिकीय लाभांश की तारीफ की गई है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3
   (d) 1, 2 और 3

22. अमेरिका की 'विशेष निगरानी सूची' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह सूची उन देशों के लिये है जो धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में संलग्न हैं या उसको सहन करते हैं।
   2. इस सूची में शामिल होने के बाद संबंधित देश को स्वत: ही आर्थिक व राजनीतिक स्वतंत्रता अधिक मिलती है।
   3. हाल ही में अमेरिका ने इस सूची में पाकिस्तान को शामिल किया है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

23. 'नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रामाणिक भारतीय नागरिकों की एक सूची है जिसमें उन लोगों को अवैध अप्रवासी माना जाता है, जिनका नाम इस सूची में नहीं है।
   2. इस सूची को 1991 में उसी वर्ष की जनगणना के आधार पर तैयार किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अनु.-103 के अनुसार लाभ के पद के मामले में सांसदों की सदस्यता खत्म करने के मसले पर राष्ट्रपति, चुनाव आयोग की सलाह पर कार्य करता है।
   2. अनु.-239 AA के अनुसार दिल्ली विधानसभा के सदस्यों को बर्खास्त करने का अधिकार उप-राज्यपाल को दिया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

25. 'मलिमथ समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह आपराधिक न्याय प्रणाली के सुधार हेतु गठित की गई थी।
   2. इसका गठन गृह मंत्रालय द्वारा किया गया था।
   3. इस समिति द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन तथा न्यायाधीशों के हटाए जाने को आसान बनाने के लिये अनु.-124 में संशोधन करने की सिफारिश की गई।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सत्य हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

26. रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ प्रोडक्शन रिपोर्ट-2018 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी की गई है।
   2. जापान को असेसमेंट रिज़ल्ट सूची में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।
   3. इस रिपोर्ट में भारत को लीगेसी समूह में रखा गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
Copyright – Drishti The Vision Foundation

27. सुगम्य भारत अभियान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. यह दिव्यांग व्यक्तियों के लिये सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करने हेतु एक देशव्यापी अभियान है।
2. यह अभियान सुगम्य भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केंद्रित है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

28. कार्टोसैट-2 श्रृंखला उपग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वृत्ताकार ध्रुवीय सूर्य तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया गया।
2. कार्टोसैट उपग्रह को 'आई इन द स्काई' के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

29. मंकी फीवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मंकी फीवर को कैसानूर फॉरेस्ट डिज़ीज भी कहा जाता है।
2. यह रोग हार्ड टिक या किलनी (Hemaphysalis spinigera) में पाए जाने वाले फ्लैवीरिडाई परिवार के वायरस से फैलता है।
3. पहली बार इस रोग का मामला कर्नाटक के कैसानूर जंगल में दर्ज किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

30. 'प्रथम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मुंबई की झुग्गी-बस्तियों में बच्चों को शिक्षा-प्रदान करने के लिये 1995 में स्थापित एक गैर-सरकारी शिक्षण संगठन है।
2. भारत में व्यापक स्तर पर प्राथमिक शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार एवं कम लागत वाली व्यवस्था प्रदान करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

31. 'अग्नि-5' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सतह से सतह पर मार करने वाली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।
2. इसमें नेविगेशन व गाइडेंस के लिये रिंग लेज़र गायेरोस्कोप और एक्सीलरोमीटर का इस्तेमाल किया गया है।
3. यह त्रिचरणीय द्रव प्रणोदय इंजनों से चलने वाली मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

32. 'वज्र प्रहार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रूस एवं भारत के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इस अभ्यास में मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में स्पेशल ऑपरेशन चलाने की क्षमता विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

33. पृथ्वी के वायुमंडल की किस परत के अन्वेषण के लिये नासा द्वारा 'गोल्ड' एवं 'आइकॉन' नामक दो उपग्रह मिशनों का प्रक्षेपण किया जाएगा?

(a) क्षोभमंडल (b) समतापमंडल

(c) मध्यमंडल (d) आयनमंडल

34. 'ओलिव रिडले कछुए' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये मुख्य रूप से प्रशांत, हिंद और अटलांटिक महासागरों के गर्म जल में पाए जाते हैं।
2. ये प्रजनन एवं घोंसला बनाने हेतु ओडिशा के समुद्री तटों की रेत को चुनते हैं।
3. आईयूसीएन द्वारा जारी रेड लिस्ट में इसे सुभेद्य (Vulnerable) प्रजातियों की श्रेणी में रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

35. पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत इस सूचकांक में 177वें स्थान पर है।
2. भारत में तेज़ी से बढ़ रही आबादी और विकास कार्यों से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के कारण सूचकांक में इसे निराशाजनक स्थान प्राप्त हुआ है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

36. वर्तमान में किन कारणों से पश्चिमी घाट की पालनी पहाड़ी पर शोला वनों के विस्तार में कमी देखी जा रही है?

1. लकड़ी के बागान
2. कृषि का विस्तार
3. आक्रामक प्रजातियों के प्रसार

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. प्रवासी भारतीय दिवस | 1. 24 जनवरी |
| B. राष्ट्रीय बालिका दिवस | 2. 25 जनवरी |
| C. राष्ट्रीय मतदाता दिवस | 3. 9 जनवरी |
| D. विश्व कुष्ठ दिवस | 4. 28 जनवरी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

38. हाल ही में निम्नलिखित में से कौन-सा देश महिलाओं और पुरुषों के लिये समान वेतन अधिकार संबंधी कानून लागू करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है?

(a) आइसलैंड (b) नॉर्वे

(c) स्वीडन (d) डेनमार्क

39. निम्नलिखित में से कौन-सा दर्पण वाहनों में ड्राइवर की सीट के बगल में लगा होता है?

(a) अवतल दर्पण (Concave Mirror)

(b) उत्तल दर्पण (Convex Mirror)

(c) सामान्य दर्पण (Plane Mirror)

(d) बेलनाकार दर्पण (Cylindrical Mirror)

40. निम्नलिखित में से कौन-से पूर्ण आंतरिक परावर्तन के उदाहरण हैं?

1. प्रकाशिक तंतु (Optical Fibre)
2. मरीचिका (Mirage)
3. हीरे का चमकना
4. साबुन के बुलबुलों का रंगीन दिखना।

कूट:

(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

41. 'टाइम्स अप' अभियान निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) पर्यावरण संरक्षण से।

(b) महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले यौन दुर्व्यवहार पर रोक लगाने से।

(c) दिव्यांगजनों से संबंधित समस्याओं के निराकरण से।

(d) युवाओं की कौशल क्षमता में वृद्धि करने से।

42. निकट दृष्टिदोष से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. इससे प्रभावित व्यक्ति पास में रखी वस्तु को स्पष्टता से नहीं देख पाता।
2. इस रोग के इलाज के लिये उत्तल लेंस का प्रयोग किया जाता है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) यूरेनियम प्रकृति में स्वतंत्र अवस्था में पाया जाता है।

(b) परमाणु बम के निर्माण में प्लूटोनियम का उपयोग किया जाता है।

(c) ईथर सुगंधित और तीव्र ज्वलनशील पदार्थ होता है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

44. देश में साइबर सुरक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'साइबर सुरक्षित भारत' अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस मिशन का परिचालन किन तीन सिद्धांतों के आधार पर किया जाएगा?

1. जागरूकता
2. शिक्षा
3. आकांक्षाएँ
4. सक्षमता

कूट:

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

45. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| (रेडियोसक्रिय समस्थानिक) | | (उपयोग) |
|---|---|---|
| 1. कोबाल्ट-60 | - | कैंसर के इलाज में |
| 2. कार्बन-14 | - | उपापचय क्रियाओं के निदान में |
| 3. सोडियम-24 | - | रक्त परिसंचरण की क्रियाओं के निदान में |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
Copyright – Drishti The Vision Foundation

46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) इंसुलिन की कमी से मधुमेह रोग (Diabetes) हो जाता है।
   (b) थाइरॉक्सिन की अधिकता से चिड़चिड़ापन व घबराहट होती है।
   (c) पैराथॉर्मोन के अतिस्राव से ओस्टियोपोरोसिस रोग हो जाता है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

47. यदि माता का रुधिर वर्ग (Blood group) 'A' और पिता का 'B' है तो संतान में कौन-सा रुधिर वर्ग होने की संभावना नहीं होगी?
   (a) A  (b) B
   (c) O  (d) इनमें से कोई नहीं।

48. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (रिपोर्ट)** | **सूची-II (जारीकर्त्ता संस्था)** |
|---|---|
| A. मानव विकास सूचकांक | 1. विश्व बैंक समूह |
| B. मानव पूंजी सूचकांक | 2. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम |
| C. विश्व निवेश रिपोर्ट | 3. विश्व आर्थिक मंच |
| D. ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस | 4. अंकटाड |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

49. नयाचार द्वीप समूह निम्नलिखित में से किस नदी के मुहाने पर स्थित है?
   (a) हुगली नदी  (b) गोदावरी नदी
   (c) पेन्नार नदी  (d) कावेरी नदी

50. शोला वन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) ये वन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के भीतर केवल ऊँचाई के क्षेत्र में पाए जाते हैं।
   (b) इन वनों का विस्तार पश्चिमी घाट के दक्षिणी भाग तक सीमित है।
   (c) ये वन कम घने होते हैं, लेकिन इनकी लंबाई अधिक होती है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

51. मतदान के समय अंगुली पर निशान लगाने के लिये प्रयुक्त स्याही किस यौगिक की बनी होती है?
   (a) सिल्वर नाइट्रेट  (b) ज़िंक सल्फेट
   (c) सिल्वर ब्रोमाइड  (d) सिल्वर क्लोराइड

52. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (विज्ञान की शाखाएँ)** | **सूची-II (अध्ययन क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. फाइकोलॉजी | 1. पक्षी |
| B. पोमोलॉजी | 2. फल |
| C. पिसीकल्चर | 3. शैवाल |
| D. ऑर्निथोलॉजी | 4. मत्स्य |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

53. प्रकाश के पूर्ण आंतरिक परावर्तन के लिये निम्नलिखित में से किन स्थितियों का होना अनिवार्य है?
   1. प्रकाशिक किरणें सघन माध्यम से विरल माध्यम में जा रही हों।
   2. आयतन कोण क्रांतिक कोण से बड़ा होना चाहिये।
   3. क्रांतिक कोण आयतन कोण से बड़ा होना चाहिये।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2  (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3  (d) 1, 2 और 3

54. वर्षा के दिनों में दिखने वाला इंद्रधनुष निम्नलिखित में से किस परिघटना का सबसे अच्छा उदाहरण है?
   (a) प्रकाश का वर्ण विक्षेपण (Dispersion of Light)
   (b) प्रकाश का प्रकीर्णन (Scattering of Light)
   (c) प्रकाश का विवर्तन (Diffraction of Light)
   (d) इनमें से कोई नहीं

55. निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है?
   (a) ट्रिप्सिन  (b) लाइपेज़
   (c) एमाइलेज़  (d) टायलिन

56. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) लोहा पर्णहरित (Chlorophyll) के निर्माण के लिये अनिवार्य होता है।
   (b) ऑक्सिन हार्मोन पौधों की वृद्धि को नियंत्रित करने वाला हार्मोन है।
   (c) एथिलीन हार्मोन फलों को पकाने में सहायक होता है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

57. निम्नलिखित में से कौन-से विषाणुओं से होने वाले रोग हैं?
   1. रेबीज़  2. हैजा
   3. पेचिस  4. खसरा
   5. पोलियो


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 4 और 5

(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

58. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| (विटामिन) | (रोग) |
|---|---|
| 1. थायमिन | रतौंधी |
| 2. साइनोकोबालामिन | अरक्तता |
| 3. नियासिन | पेलाग्रा |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित नहीं है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पृथ्वी के तल से ऊपर और नीचे जाने पर गुरुत्वीय त्वरण (g) का मान क्रमशः घटता एवं बढ़ता जाता है।
2. पृथ्वी के ध्रुवों पर गुरुत्वीय त्वरण (g) का मान न्यूनतम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ध्वनि तरंगों के संचरण के लिये माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है।
2. यदि ताप स्थिर रहे तो दाब का ध्वनि की चाल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

61. किसी वस्तु का पूर्ण प्रतिबिंब समतल दर्पण में दिखने के लिये दर्पण की न्यूनतम लंबाई होनी चाहिये-

(a) वस्तु की लंबाई की आधी।

(b) वस्तु की लंबाई की दोगुनी।

(c) वस्तु की लंबाई के बराबर।

(d) वस्तु की लंबाई का एक-तिहाई।

62. गैसोहॉल (Gasohol) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. इसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है।
2. यह पेट्रोल एवं एल्कोहॉल का मिश्रण होता है।
3. इसके उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड और सल्फर का उत्सर्जन कम होता है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

63. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| (यौगिक) | (उपयोग) |
|---|---|
| 1. अमोनिया ($NH_3$) | यूरिया के निर्माण में |
| 2. नाइट्रिक अम्ल ($HNO_3$) | विस्फोटकों के निर्माण में |
| 3. हाइड्राजीन ($N_2H_2$) | रॉकेट के ईंधन के रूप में |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

64. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) संवहन (Convention) की प्रक्रिया तरल पदार्थों में ही संभव है।

(b) विकिरण विधि में उष्मा के स्थानांतरण के लिये माध्यम की आवश्यकता होती है।

(c) सापेक्षिक आर्द्रता (Relative Humidity) के लिये हाइग्रोमीटर का उपयोग किया जाता है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

65. अम्ल का उपयोग निम्नलिखित में से किसके लिये किया जाता है?

(a) फोटोग्राफी

(b) खाद्य पदार्थों के संरक्षण

(c) धातुओं की सफाई

(d) उपर्युक्त सभी।

66. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (रोग) | सूची-II (प्रभावित अंग) |
|---|---|
| A. इन्फ्लुएंजा | 1. श्वेत रक्त कणिकाएँ (WBC) |
| B. रेबीज | 2. यकृत (Liver) |
| C. हेपेटाइटिस | 3. तंत्रिका तंत्र (Nervous System) |
| D. एड्स | 4. श्वासनली (Trachea) |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

67. जीएम-सोरघम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. यह ज्वार का आनुवंशिक परिवर्द्धित रूप है।
2. यह एकमात्र आनुवंशिक परिवर्द्धित फसल है, जिसकी कृषि भारत में की जा रही है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2



Copyright – Drishti The Vision Foundation

68. केराटिटिस (Keratitis) रोग से निम्नलिखित में से कौन-सा अंग प्रभावित होता है?

(a) यकृत (Liver) (b) आँख (Eyes)
(c) हड्डी (Bones) (d) त्वचा (Skin)

69. निम्नलिखित में से किसका उपयोग जल की कठोरता दूर करने में किया जाता है:

(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH)
(b) कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड [$Ca(OH)_2$]
(c) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड [$Mg(OH)_2$]
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जल को कीटाणुरहित बनाने में पोटैशियम परमैंगनेट का उपयोग किया जाता है।
2. ऑरिक क्लोराइड का उपयोग सर्प-विषरोधी सूई (Injection) बनाने में किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

71. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | (विटामिन) | | (रोग) |
|---|---|---|---|
| 1. | एस्कॉर्बिक अम्ल | : | स्कर्वी रोग |
| 2. | फोलिक अम्ल | : | रुधिर की कमी |
| 3. | कैल्सीफेरॉल | : | सूखा रोग |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यकृत कोशिकाओं द्वारा 'हिपैरिन' प्रोटीन का स्रावण किया जाता है, जो रक्त को रक्तवाहिनियों में जमने से रोकता है।
2. यकृत मृत कोशिकाओं को नष्ट करने का भी कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

73. निम्नलिखित में से कौन-सा/से रुधिर का/के कार्य है/हैं?

(a) शरीर में ताप का नियंत्रण
(b) शरीर की सफाई
(c) रोगों से बचाव
(d) उपरोक्त सभी।

74. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | (मिश्रधातुएँ) | (संलग्न तत्त्व) |
|---|---|---|
| 1. | पीतल | - कॉपर + टिन |
| 2. | काँसा | - कॉपर + जिंक |
| 3. | जर्मन सिल्वर | - कॉपर + जिंक + निकेल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

75. निम्नलिखित में से कौन-सा/से विटामिन जल में घुलनशील है/हैं?

1. फोलिक एसिड 2. एस्कॉर्बिक एसिड
3. विटामिन-E 4. विटामिन-$B_2$

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हरे प्रकाश में प्रकाश-संश्लेषण (Photosynthesis) की दर न्यूनतम होती है।
2. प्रकाश-संश्लेषण की प्रक्रिया में अंतिम उत्पाद के रूप में स्टार्च का निर्माण होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

77. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | (हार्मोन्स) | | (कार्य) |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑक्सिन | - | पौधों में पुष्पन को प्रेरित करना |
| 2. | जिबरेलिन | - | पौधों की वृद्धि को नियंत्रित करना |
| 3. | साइटोकाइनिन | - | प्रोटीन के निर्माण में सहायक |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

78. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. धमनियाँ (Arteries) रुधिर (Blood) को विभिन्न अंगों से हृदय (Heart) में ले जाती हैं।
2. शिराएँ (Veins) रुधिर को हृदय से विभिन्न अंगों में ले जाती हैं।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मैंगनीज़ (Mn) जीवित मानव के शरीर में सबसे कम मात्रा में पाया जाने वाला तत्त्व है।
2. कैंसर के उपचार में रेडान (Rn) का उपयोग नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2


Copyright – Drishti The Vision Foundation

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. आसियान से भारत में होने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का 99% भाग केवल सिंगापुर से प्राप्त होता है।
2. भारत द्वारा विदेशों में किये जाने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का कुल 22% हिस्सा आसियान को जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

81. कोशिका झिल्ली (Cell Membrane) निम्नलिखित में से किससे बनी होती है?
(a) लिपिड (b) प्रोटीन
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) उपर्युक्त सभी।

82. हाल ही में उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस बीमारी के कारण 60 से अधिक बच्चों की मौत हो गई। इस बीमारी के निम्नलिखित में से क्या कारण हो सकते हैं?
1. जीवाणु (Bacteria)
2. विषाणु (Virus)
3. परजीवी (Parasite)

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. वाइरॉयड (Viroid), जिसकी संरचना वायरस के समान होती है, में आरएनए (RNA) की अनुपस्थिति होती है।
2. कोशिका भित्ति सेलुलोज़ की बनी होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

84. इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) द्वारा 'ओस्केमेन' शहर में यूरेनियम बैंक की स्थापना की गई है, यह शहर किस देश में स्थित है?
(a) कज़ाखस्तान (b) उज़्बेकिस्तान
(c) कनाडा (d) ऑस्ट्रेलिया

85. मारिजुआना भारतीय उपमहाद्वीप में उगने वाला एक स्थानीय पौधा है। इसका उपयोग निम्नलिखित में से किन रोगों के उपचार में किया जाता है?
1. एचआईवी 2. दर्द निवारक
3. कैंसर

कूट:
(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

86. प्रोकैरियोटिक कोशिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इसमें केंद्रक विकसित रूप में होता है।
2. इन कोशिकाओं में DNA प्रोटीन के साथ जुड़ा हुआ नहीं होता है।
3. इनमें गुणसूत्रों की संख्या केवल एक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

87. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| (राष्ट्रीय जलमार्ग) | | (विस्तार) |
|---|---|---|
| 1. NW-2 | - | सादिया से धुबरी |
| 2. NW-3 | - | पुदुच्चेरी से काकीनाडा |
| 3. NW-5 | - | तलचर से गोंखली |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

88. माजुली द्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. यह भारत का पहला द्वीपीय ज़िला है।
2. यह द्वीप खेरकातिया-सुति नदी और सुबनसिरी नदी के मध्य में स्थित है।

कूट:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

89. पद्म विभूषण-2018 पुरस्कार से निम्नलिखित में से किन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है?
1. इलैया राजा 2. पी. परमेस्वरन
3. मुस्तफा खान 4. पंकज आडवाणी

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

90. माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. इनका मुख्य कार्य ऊर्जा का उत्पादन करना है।
2. इसमें कोशिकीय ऊर्जा एटीपी के रूप में उत्पादित की जाती है।
3. इसका संबंध वायवीय श्वसन से होता है।

कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3


Copyright – Drishti The Vision Foundation

91. इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है।
   2. भारत इस संस्था का सदस्य नहीं है।
   3. इसका मुख्यालय वियना में स्थित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

92. निम्नलिखित में से कौन-सा/से गैर-संचारी रोग (Non-Communicable Diseases) है/हैं?
   (a) डायबिटीज
   (b) हृदय रोग
   (c) कैंसर
   (d) उपर्युक्त सभी।

93. रोसा (ROSA) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. ये नासा द्वारा विकसित किये जा रहे उन्नत, हल्के व उच्च क्षमता के लचीले सौर पैनल हैं।
   2. ये पारंपरिक सौर पैनलों की तुलना में छोटे और हल्के हैं।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

94. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. कैल्शियम की कमी के कारण शरीर की वृद्धि अवरुद्ध हो जाती है।
   2. फ्लोरीन की कमी के कारण फ्लोरोसिस रोग होता है।

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

95. जापानी इन्सेफेलाइटिस के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. यह वायरस डेंगू और पीतज्वर के लिये ज़िम्मेदार वायरस से संबंधित एक फ्लैविवायरस है।
   2. डब्ल्यूटीओ के अनुसार यह मुख्य रूप से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

96. हाल ही में निम्नलिखित में से किसे फ्राँस का सर्वोच्च पुरस्कार 'लीजन ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया?
   (a) सौमित्र चटर्जी (b) अमिताभ बच्चन
   (c) दूधनाथ सिंह (d) मनोज कुमार

97. केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किये गए न्यू सेविंग्स बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इस बॉण्ड में निवेश के लिये अधिकतम सीमा सात साल की होगी।
   2. इस बॉण्ड पर मिलने वाला ब्याज आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर योग्य होगा।
   3. एनआरआई (NRI) इन बॉण्डों में निवेश करने के लिये पात्र नहीं हैं।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

98. निम्नलिखित में से किन देशों की सीमा भूमध्यसागर से मिलती है?
   1. मिस्र 2. लेबनान
   3. जॉर्डन 4. इज़राइल

   कूट:
   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 4
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

99. विश्व बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इसकी स्थापना ब्रेटन वुड्स समझौते के तहत वर्ष 1944 में हुई थी।
   2. इस संस्था का मुख्यालय वियना में स्थित है।
   3. इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों को पुनर्निर्माण और विकास के कार्यों में आर्थिक सहायता देना है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

100. 'प्रत्युष' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) नेविगेशन सैटेलाइट से
   (b) रोबोट से
   (c) सुपर कंप्यूटर से
   (d) इनमें से कोई नहीं।



Copyright – Drishti The Vision Foundation